प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

झारखंड विधानसभा आज अपनी स्थापना का 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई मंत्री और विधायक सम्मिलित हुए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबीद्र नाथ महतो ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में झारखंड की अस्मिता को अलग पहचान मिली है।
समारोह में उत्कृष्ट विधायक सम्मान से नवाजे गए धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने भी संबोधित किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में शुरू हो रहे जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन का विषय है– एकजुटता, समानता और स्थिरता। दक्षिण अफ्रीका ने इस वर्ष जी–20 की अपनी अध्यक्षता में कई प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें आपदा प्रतिरोधक क्षमता को मज़बूत करना, कम आय वाले देशों के लिए ऋण स्थिरता सुनिश्चित करना, न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के लिए वित्त जुटाना तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का दोहन शामिल है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य की नदियों में कोल वाशरियों का प्रदूषित जल बहाए जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है, मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए स्टेट एनवायरमेंट एसेसमेंट अथरिटी और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद समेत दो कोलवाशरियों को प्रतिवादी बनाते हुए जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी।

****

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शुल्क वृद्धि को लेकर आदिवासी छात्र संघ का आंदोलन जारी है। आज उन्होंने विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर दी। इस दौरा किसी भी शिक्षक और छात्र को विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया गया। इस वजह से सभी कक्षाएं बाधित है। विश्वविद्यालय प्रशासन मामले को सुलझाने का प्रयास कर रहा है।

****

गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में सेवा अधिकार सप्ताह के तहत अधिकारी–कर्मी आम लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

****

गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने घोरचांची में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसा मामले में जमुआ के थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में चार दर्जन लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

****

पश्चिम सिंहभूम जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में चाईबासा–हाता मुख्य मार्ग पर आज सवेरे हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच की हालत गंभीर है। यह हादसा लौह अयस्क से भरे एक डंफर के एक ई–रिक्सा पर पलट जाने की वजह से यह हादसा हुआ।

****

गुवाहाटी में भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन अबतक प्राप्त समाचार के अनुसार दक्षिण अफ्रिका ने पहले बल्लेबाजी करत हुए चार विकेट खोकर 196 रन बना लिए हैं। भारत के लिए कुलदीप यादव दो, जसप्रीत बुमराह, औऱ रवीन्द्र जडेजा एक–एक विकेट ले चुके हैं।

*********समाप्त***********